मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–10, फरवरी 2012

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## बजट में कर ढांचा आसान करे सरकार



16 मार्च को वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी के बजट भाषण पर पूरे देश की नजरें होंगी। इस बार के बजट में कई अहम् ऐलान होने की उम्मीद है। स्टील क्षेत्र की नजरें भी इस बार के बजट पर होंगी। स्टील क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न संगठनों ने बजट से पहले अपनी मांगे वित्त मंत्री के सामने रखी हैं।

स्टील क्षेत्र की एक अहम मांग है कि एक्साइज ड्यूटी में कमी की जाए। स्टील क्षेत्र को विभिन्न उत्पादों पर शिक्षा उपकर (सेस) मिलाकर 10.30% तक की एक्साइज ड्यूटी चुकानी पड़ती है। ऐसे में स्टील उद्योगों की मांग है कि एक्साइज ड्यूटी को वाजिब स्तर तक लाया जाए। स्टील उद्योग काउंटर वेलिंग ड्यूटी यानि सीवीडी दरों में भी कमी करने की मांग कर रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर खासकर छोटे और मझोली स्टील कंपनियाँ आयरन ओर के निर्यात पर पूरी तरह रोक लगाने या इसे हतोत्साहित करने के लिए ड्यूटी बढ़ाने की मांग कर रही हैं। उद्योग संगठन फिक्की ने वित्त मंत्री को दिए ज्ञापन में फेरो एलॉयस पर कस्टम ड्यूटी बढाने की मांग की है।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, "इस्पात क्षेत्र की देश के बुनियादी ढांचे और अर्थव्यवस्था के विकास में अहम स्थान है। पिछले 5 सालों में इस क्षेत्र में तेज विकास दिखा है। 2006 में 2280 करोड़ डॉलर का भारतीय स्टील उद्योग 2011 में बढ़कर करीब 5510 करोड़ डॉलर का हो गया। लेकिन इतने अहम क्षेत्र को अब भी जटिल कर संरचना की मुश्किल से गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार को बजट में टैक्स का ढांचा आसान करने पर जोर देना चाहिए। इससे स्टील क्षेत्र में विकास की रफ्तार और तेज हो सकेगी।"

श्री सतीश अग्रवाल के मुताबिक सरकार को जल्दी जीएसटी लागू करने की कोशिश करनी चाहिए। जीएसटी लागू होने से देश के उद्योगों की विकास दर तेज करने में मिलेगी। जीएसटी से टैक्स का ढांचा काफी हद तक आसान हो जाएगा। इसके साथ ही आयकर के डायरेक्ट टैक्स कोड यानि डीटीसी पर भी जल्द सहमति बनाने की कोशिश होनी चाहिए। डीटीसी लागू होने से आम लोगों के साथ कंपनियों को भी आयकर में राहत मिलने की उम्मीद है।

स्टील उद्योग चाहता है कि सरकार सस्ता कर्ज जुटाने में मदद करे। मार्च 2010 के बाद से रिजर्व बैंक ने 13 बार ब्याज बढ़ाया जिससे उद्योग के लिए कर्ज पर ब्याज दर 14% से ज्यादा हो गई। हालाँकि रिजर्व बैंक ने पिछली समीक्षा बैठक में नकद आरक्षी अनुपात यानि सीआरआर में 0.5% की कटौती करके कर्ज अधिक उपलब्ध कराने के संकेत दिए हैं। लेकिन यह काफी नहीं है। सरकार को खासकर छोटे और मझोले उद्योगों के लिए ब्याज पर छूट देनी चाहिए।

> **"इस्पात क्षेत्र की देश के बुनियादी ढांचे और अर्थव्यवस्था के विकास में अहम स्थान है। पिछले 5 सालों में इस क्षेत्र में तेज विकास दिखा है।"**

इसके साथ ही स्टील कंपनियाँ चाहती हैं कि कोकिंग कोल और आयरन ओर की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बजट में खास प्रावधान किये जाएं, खासकर कोयला खदानों के आवंटन में पारदर्शिता लाने के लिए कदम उठाये जाएं। सरकार अगर आगामी बजट में स्टील क्षेत्र के लिए ये कदम उठा लेती है तो इस क्षेत्र में विकास की रफ्तार काफी तेज हो सकती है।

# इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए होगी एक ही परीक्षा



केंद्र सरकार ने केंद्रीय संस्थानों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए एक ही प्रवेश परीक्षा को हरी झंडी दे दी दी है। केंद्रीय इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए एक ही परीक्षा की नई प्रणाली अगले शैक्षिक सत्र से लागू हो जाएगी।

केंद्र सरकार चाहती है कि राज्य सरकारें भी एकल इंजीनियरिंग परीक्षा प्रणाली अपनाएं। केंद्र और राज्यों के बीच सहमति बनाने के लिए दिल्ली में हाल ही में केंद्र और विभिन्न राज्यों के शिक्षा मंत्रियों की एक बैठक आयोजित की गई थी। हालाँकि ज्यादातर राज्य केंद्र सरकार के इस प्रस्ताव से सहमत हैं। लेकिन मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्य इसका विरोध कर रहे हैं। ये राज्य एकल परीक्षा प्रणाली अपनाने से पहले राज्यों के कोटे की मांग कर रहे हैं।

केंद्र सरकार ने उम्मीद जताई है कि राज्यों के साथ विचार–विमर्श करके सहमति बनाने की कोशिश की जाएगी। अगर यह प्रणाली पूरे देश में लागू होती है तो एक ही प्रवेश परीक्षा से आईआईटी से लेकर स्थानीय इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन मिलेगा।

# मुंबई में दौड़ी मोनो रेल



मुंबई में मोनो रेल का सपना तकरीबन पूरा हो गया है। 18 फरवरी को मुंबई में मोनो रेल का सफल ट्रायल रन हुआ। प्रायोगिक तौर पर मोनो रेल वडाला से भक्ति मार्ग तक चलाई गई। सरकार इस साल मई से मुंबई में मोनो रेल आम लोगों के लिए शुरू कर देगी।

पहले वडाला से चेंबूर तक मोनो रेल चलेगी। अगले साल मई तक मोनो रेल का रूट वडाला से महालक्ष्मी तक बढ़ा दिया जाएगा। 18 फरवरी को चलाई गई मोनो रेल में 4 कोच थे। हर कोच में अधिकतम 20 लोगों के बैठने की जगह है।

इस ट्रेन से पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होगा तथा ट्रेन के चलने से आवाज नहीं होने के कारण चेंबूर जैसे भीड़ भरे इलाके के बीच से गुजरने के बावजूद निवासियों को कोई परेशानी नहीं होगी। इसके अलावा इसमें बिजली की खपत भी कम होगी। मोनो रेल चलने से मुंबई में सफर करना आसान हो जाएगा। ये ऐसे रूट पर चलाई जा रही है जहां लोकल ट्रेन और बस की सुविधा कम है।

# डसाल्ट रफाएल को मिला सबसे बड़ा रक्षा ठेका



देश का सबसे बड़े रक्षा ठेका फ्रांस की कंपनी डसाल्ट रफाएल को मिला है। इस सौदे के तहत 10.4 अरब अमेरिकी डॉलर यानि करीब 50 हजार करोड़ रुपये में डसाल्ट रफाएल भारतीय वायुसेना को अगले 10 सालों में 126 लड़ाकू विमान (मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) सप्लाई करेगा।

डसाल्ट रफाएल ने यूरोफाइटर टायफून से कम बोली लगाकर यह सौदा हासिल किया है। माना जा रहा है कि रफाएल के हक में सबसे बड़ी बात यही रही कि इसे फ्रेंच विमान मिराज 2000 जैसा ही पाया गया। मिराज 2000 भारतीय वायुसेना के पास पहले से ही है।

रफाएल एक बार ईंधन भरने के बाद बीजिंग तक की यात्रा कर सकता है। यह जमीन और समुद्र में जहाज से उड़ान भर सकता है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस विमान के भारतीय बेड़े में शामिल होने के साथ ही भारतीय उपमहाद्वीप में देश की क्षमता बहुत बढ़ जाएगी।

रफायल 18 विमान फ्रांस से लाकर भारतीय सेना को देगी। लेकिन बाकी 108 लड़ाकू विमानों का निर्माण भारत में ही होना है। इसके लिए रफायल सरकारी रक्षा कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल्स के साथ करार किया है।

# नैनीताल में हुई डीलर मीट



कामधेनु पेंट्स, **Color Dreamz** ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने सभी सक्रिय डीलरों के साथ नैनीताल में डीलर मीट आयोजित की। 27 और 28 जनवरी 2012 को होटल मन्नू महारानी में हुई डीलर मीट में पश्चिम उत्तर प्रदेश के करीब 70 डीलर शामिल हुए।

कामधेनु पेंट्स, **Color Dreamz** ने डीलरों को प्रोत्साहित करने के लिए नैनीताल में डीलर मीट आयोजित की। पिछले 4 सालों से कामधेनु पेंट्स ने पश्चिमी उत्तर प्रदर्शन के बाजार में बेहतरीन नतीजे दिए हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तेज विकास की काफी संभावनाएं हैं। ऐसे में कामधेनु चाहती है कि डीलरों को बिक्री बढ़ाने के लिए और उत्साहित किया जाए। कामधेनु पेंट्स के राष्ट्रीय विपणन प्रमुख श्री राजकुमार श्रीवास्तव और पश्चिम उत्तर प्रदेश में कामधेनु पेंट्स के प्रतिनिधि श्री कमल शर्मा ने नैनीताल में डीलरों को लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। डीलरों को कामधेनु पेंट्स, **Color Dreamz** के कई नए पहलुओं से परिचित कराया गया ताकि वे ग्राहकों को पेंट की खासियतों के बारे में अच्छी तरह समझा सके। 28 जनवरी की रात को डीलरों के मनोरंजन के लिए खास कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# Kamdhenu *fresh* ने डीलरों को दिया पुरस्कार



Kamdhenu **fresh** अपने मेहनती डीलरों को लगातार प्रोत्साहित करती रहती है। इसी कड़ी में कंपनी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीलरों को पुरस्कृत किया है।

वाराणसी के कामधेनु के डीलर श्री दीपक जायसवाल और उनकी टीम को लेनोवो लैपटॉप दिया गया है। इसी तरह प्रतापगढ़ में कंपनी के डीलर श्री प्रदीप अग्रवाल को एयर कंडीशनर का इनाम दिया।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल ने Kamdhenu **fresh** के डीलरों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, "कामधेनु फ्रेश की लोकप्रियता में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कंपनी ने अपने डीलरों को बेहतर प्रदर्शन के लिए उत्साहित करने के लिए समय–समय पर प्रोत्साहन योजना चलाती रहती है। कंपनी चाहती है कि कामधेनु फ्रेश के डीलर अपनें व्यापार क्षेत्र में विस्तार करें।"



कंपनी को उम्मीद है कि सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाले होने के कारण और डीलरों की कड़ी मेहनत से Kamdhenu **fresh** बाजार में अहम हिस्सेदारी हासिल करने में कामयाब रहेगी।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**मैसर्स त्यागी बिल्डर्स**
श्री बिजेन्दर त्यागी
मेन खानपुर 60 फीट रोड,
नन्दन कॉलोनी,
लोनी गाज़ियाबाद,
फोन : 09899596373

**मैसर्स आर. के. अग्रवाल एण्ड ब्रदर्स**
श्री राजू अग्रवाल
नियर गल्ला मंडी,
हथरस, यू.पी.
फोन : 09412732597

**मैसर्स आर. के. अग्रवाल ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन**
श्री मनोज अग्रवाल
खाट्टी खाना, हथरस,
फोन : 09837008702

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14



# कामधेनु इस्पात ने कर्नाटक में आयोजित की इंजीनियर्स मीट




कामधेनु इस्पात बुनियादी ढांचा क्षेत्र से जुड़े सभी पक्षों के बीच अपने उत्पादों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। इसी कड़ी में कंपनी ने कर्नाटक में बेलगाम के होटल सनकाम में 4 फरवरी को इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट मीट आयोजित की।

इस बैठक में पूरे कर्नाटक के 100 से ज्यादा इंजीनियर और आर्किटेक्ट शामिल हुए। इसमें कंसल्टिंग सिविल इंजीनियर्स एसोसिएशन, बेलगाम के प्रेसिडेंट श्री विनय बेहेरे, वाइस प्रेसिडेंट, श्री शिरीश फाटक, सेक्रेटरी, श्री संग्राम पाटिल और ट्रेजरार श्री भूषण नादगौडा शामिल थे। वहीं कामधेनु इस्पात के उत्पादों के बारे में इंजीनियरों और आर्किटेक्टों को पूरी जानकारी देने के लिए श्री देवेश त्यागी, एजीएम और श्री चंदन गोस्वामी, सीनियर मैनेजर ब्रैंड प्रोमोशन, उपस्थित थे। वहीं कर्नाटक में कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्री अनिल खरिट, एवं श्री मदन पाटिल भी मौजूद थे।

श्री देवेश त्यागी, एजीएम ने इंजीनियरों को कामधेनु इस्पात लिमिटेड के नए उत्पादों की जानकारी देते हुए बताया "कंपनी इस्पात के क्षेत्र में हमेशा ही उन्नत और खोजपरक उत्पादों को पेश करने में सफल रही है। इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कर्नाटक में एफई–415 और एफई–500 टीएमटी को लॉन्च किया गया है। ये दोनों सरिये वैसे ग्राहकों के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं, जो काफी उम्मीदों, प्यार और सपनों के साथ अपना घर बनाते हैं।"

श्री त्यागी ने अन्य प्रतिस्पर्धियों के उत्पादों के मुकाबले कामधेनु के उत्पादों की खासियतों का जिक्र करते हुए कहा, "निर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भारत की अग्रणी कंपनी होने के नाते, कामधेनु समूह अंतरराष्ट्रीय स्तर के आधारभूत संरचना के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।"

डिस्ट्रीब्यूटर श्री अनिल खरिट, ने कंपनी की रणनीतियों का खुलासा करते हुए कहा, "स्टील के लिये कर्नाटक सबसे महत्वपूर्ण बाजार है और यहां पर विकास की अपार संभावनाएं हैं। कामधेनु भारत की उन चुनिंदा कंपनियों में से एक है, जो एफई–415 और एफई–500 जैसे उन्नत इस्पात का निर्माण करने में सक्षम है। अपने फ्रेंचाइजी के सहयोग से कंपनी उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात का निर्माण कर रही है और उम्मीद है कि हम राज्य में एक बड़ी बाजार हिस्सेदारी प्राप्त करने में सक्षम हो पाएंगे।"

इस मीट में इंजीनियरों और आर्किटेक्टों ने कामधेनु के उत्पादों के बारे में कई सवाल भी पूछे। कामधेनु के अधिकारियों ने कंपनी की तकनीक और वैश्विक मानकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कामधेनु के जवाब से कर्नाटक के इंजीनियर और आर्किटेक्ट पूरी तरह संतुष्ट नजर आए।




Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com